केंद्रीय पुस्तकालय । मैनिट भोपाल

“पुस्तकालय की गतिविधियों हिंदी भाषा में” कार्यशाला पर रिपोर्ट

27 मार्च 2025

केंद्रीय पुस्तकालय, मैनिट भोपाल द्वारा 27 मार्च 2025 को दोपहर 2:30 से शाम 4:00 बजे तक **“पुस्तकालय की गतिविधियाँ हिंदी भाषा में”**कार्यशालाकाआयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मैनिट कर्मचारीऔरकुल 30छात्र-छात्राएंसम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में **डॉ. अजय पांडेय** ने कवि दुष्यंत कुमार की पुस्तक “साये में धूप” पर एक सुन्दर और प्रभावशाली पुस्तक समीक्षा प्रस्तुत की। डॉ. पांडेय ने पुस्तक की मुख्य विशेषताओं, कवि के विचार और उनके लेखन की गहराई पर प्रकाश डाला, जिससे श्रोताओं को दुष्यंत कुमार के काव्य संसार को समझने का एक नया दृष्टिकोण मिला।

इसके बाद पुस्तकालयाध्यक्ष**डॉ. वेंकट राव** ने "अनुवादनी AI टूल्स" पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के टूल्स अनुवाद की प्रक्रिया को सरल और सटीक बना रहे हैं।

इसी क्रम में आगे, सहायकपुस्तकाध्यक्ष**श्री वसीम रहमान** द्वारा "ई-पुस्तकालय सूची पर विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारी उदहारण सहित प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम के अंत में **श्री महबूब खान** द्वारा तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर तात्कालिक भाषण प्रस्तुत किए। प्रत्येक प्रतिभागी ने अपने विषय पर अपनी सोच और विचारों को प्रभावी तरीके से साझा किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन उप पुस्तकालयाध्यक्ष**श्री पंकज कुमार शर्मा** द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता पर खुशी जाहिरकीकार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधीक्षक श्री प्रभाकर सिंह उड़के और फरहा सुबहानी ने किया।

इस तरह की कार्यशाला का आयोजन केंद्रीय पुस्तकालयकेद्वारा भविष्य में भी किया जायेगा


ई-सूची (ओपीएसी) | e-Catalogue (OPAC)

कुछ उद्धरण....
कौन कहता है आसमाँ
में सूराख नहीं हो
सकता,
एक पत्थर तो तबीयत
से उछालो यारो !